**प्रेरणा**
वक़्त बीतने के बाद अक्सर
अहसास होता है,
जो छूट गया वो लम्हा
बेहतर था।

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र
# जालंधर ब्रीज
जल है तो
कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 22 DECEMBER TO 28 DECEMBER 2023 • VOLUME 22 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY
✓ WORK
✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

## राज्यसभा में तीन आपराधिक विधेयक पारित

**नई दिल्ली.** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार (21 दिसंबर) को राज्यसभा ने आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन आपराधिक विधेयक- भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 पारित कर दिए।



राज्यसभा ने चर्चा और गृहमंत्री अमित शाह के जवाब के बाद तीनों विधेयकों को ध्वनमित से अपनी स्वीकृति दी। लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। अमित शाह ने कहा तीन आपराधिक कानूनों के स्थानों पर लाए गए विधेयकों के संसद से पारित होने के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रक्रिया में एक नई शुरुआत होगी जो पूर्णतया भारतीय होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि इन विधेयकों का उद्देश्य पूर्ववर्ती कानूनों की तरह दंड देने का नहीं बल्कि न्याय मुहैया कराने का है। उन्होंने कहा कि इस नए कानून को ध्यान से पढ़ने पर पता चलेगा कि इसमें न्याय के भारतीय दर्शन को स्थान दिया गया है। हमारे संविधान निर्माताओं ने भी राजनीतिक न्याय, आर्थिक न्याय और सामाजिक न्याय को बरकरार रखने की गारंटी दी है। संविधान की यह गारंटी 140 करोड़ के देश को यह तीनों विधेयक देते हैं।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि इन कानूनों की आत्मा भारतीय है। पहली बार भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद से बनाए गए कानून से हमारी आपराधिक न्याय प्रक्रिया चलेगी। इसका मुझे बहुत गौरव है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों की आत्मा भी भारतीय है, सोच भी भारतीय है और यह पूरी तरह से भारतीय है।

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। इन तीनों कानूनों को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों के शासन की रक्षा के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा कि इनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ अंग्रेजों के शासन की सुरक्षा करना था। इसमें कहीं भारत के नागरिक की सुरक्षा, उसके सम्मान और मानव अधिकार की सुरक्षा नहीं थी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद देश में 'तारीख पर तारीख' का दौर चला जाएगा और तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल जाए, ऐसी प्रणाली देश में स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि यह विश्व की सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक न्याय प्रणाली होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वो कहते हैं, नए कानून की जरूरत क्या है? उन्हें स्वराज का मतलब ही नहीं मालूम है। स्व शब्द सिर्फ शासन से जुड़ा हुआ नहीं है। स्वराज मतलब है- जो धर्म को आगे बढ़ाए वह स्वराज है, जो स्व भाषा को आगे बढ़ाए वह स्वराज है, जो स्व संस्कृति को आगे बढ़ाए वह स्वराज है, जो स्व शासन को आगे बढ़ाए वह स्वराज है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि बिल के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर फैसले तक सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन होंगी। भारत ऐसा देश होगा जहां आपराधिक न्याय प्रणाली में टेक्नोलॉजी का सबसे अधिक उपयोग किया जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि हमने राजद्रोह के अंग्रेजी कांसेप्ट को समाप्त कर दिया है। अब शासन के खिलाफ कोई भी बोल सकता क्योंकि सभी को वाणी स्वतंत्रता का अधिकार है लेकिन देश के खिलाफ आप नहीं बोल सकते हो, देश के खिलाफ बोलोगे, देश के संसाधनों का नुकसान करोगे तो कठोर से कठोर सजा मिलेगी।

### गृह मंत्री अमित शाह का कांग्रेस पर निशाना

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब-जब सत्ता में आती थी, राजद्रोह का बड़े मजे से उपयोग करती थी और जब सत्ता से बाहर जाती थी तो कहती थी कि राजद्रोह औपनिवेशिक कानून है इसे सामाप्त कर देना चाहिए। कांग्रेस कभी राजद्रोह को समाप्त नहीं करना चाहती थी। ये तो मोदी सरकार है, जो इस देश से राजद्रोह को हमेशा के लिए समाप्त कर रही है। शाह ने कहा कि आपकी (विपक्ष) फितरत है, आप चुनाव घोषणा पत्र को घोषणा पत्र मानते हैं, हम उसे संकल्प पत्र मानते हैं। आपका इतिहास है, बोलकर भूल जाना, हमारा इतिहास है। मोदी जी जो कहते हैं पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था, इस देश की मातृशक्ति को नीति निर्धारण में हम उचित सम्मान देंगे। 33 प्रतिशत आरक्षण विधानमंडलों और लोकसभा में देकर आजादी के 75 वर्ष बाद इस देश की मातृशक्ति का सम्मान नरेंद्र मोदी सरकार ने किया।

## अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नतियां दो महीने के अंदर की जाएं : सीएस



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा दिए निर्देशों पर मुख्य सचिव अनुराग वर्मा द्वारा राज्य के सभी विभागों को अधिकारियों और कर्मचारियों की रहती पदोन्नतियां दो महीने के अंदर करने के लिए कहा गया है।

मुख्य सचिव ने आज सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों, विभाग मुखियों, समूह डिवीजनल कमिशनरों और जिलों के डिप्टी कमिशनरों को पत्र लिख कर कहा कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नतियां रहती हैं, वह नियमों और हिदायतों अनुसार विधि अपनाते हुए दो महीनों के अंदर की जाएँ। मुख्य सचिव ने इन निर्देशों की सख़्ती से यथावत पालना करने के लिए कहा है।

## विपश्यना के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे अरविंद केजरीवाल : बीजेपी

**नई दिल्ली.** भाजपा ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया और कहा कि जवाबदेही और अरविंद एक साथ नहीं चल सकते। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन्हें भेजे गए समन को चुनौती देने के बाद भाजपा नेता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल और कर्तव्य कभी एक साथ काम नहीं करेंगे। शराब नीति घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय के दूसरे समन को नजरअंदाज करते हुए अरविंद केजरीवाल



10 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर के लिए पंजाब के जिला होशियारपुर में है।

ईडी के समन पर न पहुंचने के लिए आप सुप्रीमो पर हमला करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल विपश्यना के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। कुशासन और विपश्यना कभी एक साथ यात्रा नहीं कर सकते।

## अब सीआईएसएफ करेगी संसद की सुरक्षा

**नई दिल्ली.** संसद में सुरक्षा चूक होने के बाद अब संसद की व्यापक सुरक्षा को केंद्रीय बल सीआईएसएफ संभालेगा। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने हाल ही में सुरक्षा घेरे के उल्लंघन के मद्देनजर संसद भवन परिसर की व्यापक सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है। सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है जो वर्तमान में परमाणु और एयरोस्पेस डोमेन, नागरिक हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो में प्रतिष्ठानों के अलावा दिल्ली में कई केंद्रीय सरकारी मंत्रालय भवनों की सुरक्षा करता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संसद भवन परिसर के सर्वेक्षण का निर्देश दिया ताकि व्यापक पैटर्न पर सीआईएसएफ सुरक्षा और फायर विंग की नियमित तैनाती की जा सके।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने सेना की गाड़ियों पर किया हमला, 3 जवान शहीद

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में 3 जवानों की मौत हो गई है। दोनों वाहन जवानों को बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे, जहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। कल रात से सामान्य क्षेत्र डीकेजी (डेरा की गली), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था। दोपहर करीब 3.45 बजे राजौरी-थानामंडी-सूरनकोट रोड पर सावनी इलाके में वाहनों पर हमला किया गया।

आतंकवादियों ने एक ट्रक और एक जिप्सी सहित पुलिस वाहनों पर गोलीबारी की। वाहन जवानों को बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे, जहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाशी अभियान चल रहा है। अतिरिक्त बलों को घटनास्थल पर भेजा गया है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर, कल रात एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। आज शाम संपर्क स्थापित किया गया और मुठभेड़ जारी है। आगे की जानकारी का पता लगाया जा रहा है। यह घटना बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक सशस्त्र पुलिस इकाई के परिसर के अंदर हुए विस्फोट के बाद आई है।

## सुधार ट्रस्ट का कानून अफ़सर रिश्वत लेने के दोष में गिरफ़्तार



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के दौरान इम्परूवमैंट ट्रस्ट अमृतसर के कानून अधिकारी ( लॉ अफ़सर) के तौर पर तैनात एडवोकेट गौतम मजीठिया को 8 लाख रुपए रिश्वत की माँग करने और लेने के दोष अधीन काबू किया। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कानून अधिकारी, निवासी ग्रीन फील्ड, मजीठा रोड, अमृतसर को जतिन्दर सिंह, निवासी प्रताप ऐवीन्यू, अमृतसर की तरफ से आनलाइन शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाईन पर शिकायत दर्ज करवाई थी। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपनी ऑनलाइन शिकायत में दोष लगाया है कि उक्त कानून अधिकारी ने उसकी ज़मीन एक्वायर करने के बदले ज़िला अदालत के निर्देशों पर 20 प्रतिशत और अधिक मुआवज़ा भाव 20 लाख रुपए का अतिरिक्त मुआवज़ा जारी करने के एवज़ में 8 लाख रुपए बतौर रिश्वत लिए थे।

### एक लाख रिश्वत मांगने के दोष अधीन एसडीओ और फ़िटर हैलपर गिरफ्तार

जल सप्लाई और सेनिटेशन विभाग, कपूरथला के एसडीओ अगमजोत सिंह और उसके दफ़्तर में तैनात फ़िटर हैलपर मनजीत सिंह को 1,00,000 रुपए रिश्वत की माँग करने के दोष अधीन काबू किया है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त दोनों मुलजिमों को सिवल ठेकेदार जतिन्दर सिंह, निवासी सूलर रोड, पटियाला द्वारा मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाईन में दर्ज करवाई आनलाइन शिकायत की जांच के उपरांत गिरफ़्तार किया है। शिकायतकर्ता ठेकेदार ने उक्त मुलजिमों के साथ इस दौरान रिश्वत की रकम मांगने सम्बन्धी हुई बातचीत रिकार्ड कर ली। प्रवक्ता ने बताया कि विजीलैंस ब्यूरो जालंधर रेंज ने इस आनलाइन शिकायत की जांच की और उक्त एस. डी. ओ. और फ़िटर हैलपर को शिकायतकर्ता से रिश्वत की माँग करने पर दोषी पाये जाने के उपरांत गिरफ़्तार कर लिया।

### जाली जन्म सर्टिफिकेट बेचने के दोष में विजीलैंस ब्यूरो द्वारा भगौड़ा प्राईवेट एजेंट गिरफ़्तार

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को तरन तारन जिले के गाँव गहरी के निवासी निरंजन सिंह को गिरफ़्तार किया है, जोकि एक फ़ौजदारी केस के सम्बन्ध में पिछले पाँच सालों से अपनी गिरफ़्तारी से बच रहा था। उस पर 10,000 रुपए प्रति जन्म सर्टिफिकेट वसूलने का दोष है। विजीलैंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने खुलासा किया कि उक्त मुलजिम के विरुद्ध 27- 05- 2017 को आइपीसी की धाराओं 420, 467, 468, 120-बी, और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 13 (1) के साथ 13 (2) के अंतर्गत विजीलैंस पुलिस थाना, अमृतसर रेंज में अपराधिक केस दर्ज किया गया था। दोषी को अदालत की तरफ से 06- 06- 2018 को भगौड़ा करार दिया गया था और तब से वह गिरफ़्तारी से बच रहा था। प्रवक्ता ने खुलासा किया कि उक्त दोषी सिवल सर्जन तरन तारन दफ़्तर के मुलाजिमों के साथ मिलीभुगत के द्वारा जाली जन्म सर्टिफिकेट बनवा कर 10 हज़ार रुपए में प्रति सर्टिफिकेट बेचता था। उसने ऐसे 20 से अधिक जाली सर्टिफिकेट जारी करके मोटी रकम इकट्ठी की।

## कनाडा पीएम के बयान पर विदेश मंत्रालय का जवाब, विरोधियों पर तत्काल एक्शन लें

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा



कि कनाडा के मुद्दे पर भारत की स्थिति सुसंगत है क्योंकि उसे उम्मीद है कि ओटावा उन चरमपंथी तत्वों पर कार्रवाई करेगा जो अपने देश में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, बागची ने कहा कि भारत ने हमेशा इस बात पर प्रकाश डाला है कि मुख्य मुद्दा कनाडा में चरमपंथियों, आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों को दी गई जगह है। पाकिस्तान सेना प्रमुख के अमेरिकी दौरे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हां, हमने इस संबंध में कुछ रिपोर्टें देखी हैं। आतंकवाद और सीमा पार हमलों के लिए पाकिस्तान के समर्थन को लेकर हमारी चिंता जगजाहिर है। हमें उम्मीद है कि अन्य देश भी काउंटर-टेररिज्म को गंभीरता से लेंगे।

## पंजाब में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन का विरोध

### पीसीसी प्रमुख ने पार्टी नेताओं को अनुशासन में रहने और मिलकर काम करने का दिया निर्देश

• **जालंधर ब्रीज.** जगराओं/लुधियाना

पीपीसीसी प्रमुख अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था की चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करने और पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए जगराओं में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया।



विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आप सरकार के तहत दो साल के कार्यकाल के हानिकारक नतीजों की तरफ ध्यान केंद्रित करते हुए जोर दिया, "पिछले दो वर्षों में आप शासन के परिणामस्वरूप हमारे राज्य की कानून विवस्था का सत्यानाश हुआ है। पंजाब में आप सरकार, भाजपा की 'बी-टीम' तरह काम कर रही है। यह हमारे राज्य के लिए एक गंभीर खतरा है, जिससे हमारे लिए आप के साथ किश भी तरह के समझौते से खुद को अलग करना अनिवार्य हो गया है।'

विधायक परगट सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं की आशंकाओं को स्पष्ट करते हुए कहा, "मौजूदा आप शासन के तहत पंजाब को अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य को हमेशा मुश्किल में धकेला गया है। केंद्रीय स्तर पर सांसदों का निलंबन हमारे लोकतंत्र के हरण का संकेत है। भाजपा पहले देश व अब पंजाब को अस्थिर करने के लिए आप को अपनी 'बी-टीम' के रूप में इस्तेमाल कर रही है।' विरोध प्रदर्शन में सांसद फतेहगढ़ साहिब डॉ.अमर सिंह, पीपीसीसी महासचिव प्रभारी संदीप सिंह संधू, पंजाब महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुरशरण कौर रंधावा, पीसीसी एससी सेल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह वैद के इलावा अन्य प्रमुख नेताओं में पूर्व कैबिनेट मंत्री साधु सिंह धर्मसोत, जगतार सिंह और कामिल अमर सिंह, लुधियाना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मेजर सिंह मुल्लांपुर,विक्रम सिंह बाजवा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया।

### 141 सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : बाजवा

चंडीगढ़. पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने विपक्षी दलों के 141 सांसदों को संसद भवन से निलंबित किए जाने को 'लोकतंत्र की नृशंस हत्या' करार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के सांसद केवल संसद में सुरक्षा उल्लंघन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। वे केवल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया मांग रहे थे। इस बीच सदन में विपक्ष की आवाज को दबाना बेहद निंदनीय है। पंजाब कांग्रेस ने विपक्षी दलों के 141 सांसदों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आज जगरांव में एक विरोध रैली आयोजित की।

## 10 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने किया जापान का दौरा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

सकूरा साईंस अदान- प्रदान प्रोग्राम के तहत पंजाब के 10 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने साईंस टैक्नालाजी और अलग-अलग देशों की सांस्कृतिक कदरों- कीमतों की जानकारी प्राप्त करने के लिए जापान का दौरा किया। पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने बताया कि हरमनदीप कौर सरकारी कन्या सीनियर सेकैंडरी स्कूल मानसा, जसमीत कौर सरकारी कन्या सीनियर सेकैंडरी स्कूल भवानीगढ़ संगरूर, संजना कुमारी सरकारी सीनियर सेकैंडरी स्मार्ट स्कूल माडल टाऊन पटियाला, सपना मैरीटोरियस स्कूल बठिंडा, निशा रानी स्कूल आफ एमिनेंस कपूरथला, गुरविन्दर कौर मैरीटोरियस स्कूल फ़िरोज़पुर, दीपिका सरकारी कन्या सीनियर सेकैंडरी स्कूल मोड़ मंडी बठिंडा, ख्वाइश सरकारी सीनियर सेकैंडरी स्कूल रंधावा मसंदा जालंधर, उदयनूर सिंह सरकारी हाई स्कूल गुरूवाली अमृतसर और तानिया सरकारी हाई स्कूल खाई फेमे के फ़िरोज़पुर आदि विद्यार्थी इनमें शामिल है।

स्पीकर ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने प्रोग्राम दौरान कुछ दिनों में ही साईंस टैक्नालाजी, जापानी भाषा और उनके सांस्कृतिक गुणों के बारे में जान कर अपने हुनर का सबूत दिया है। जापान गए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए आने वाले दिनों दौरान पंजाब विधान सभा में बुला कर विशेष सम्मान किया जाएगा और प्रति विद्यार्थी 11- 11 हज़ार रुपए दे कर हौसला अफ़जाई की जाएगी, जिससे भविष्य में यह बच्चे बुलंद हौसलो के साथ देश और पंजाब की सेवा करे।



संजना कुमारी, सपना, जसमीत कौर, गुरविंदर कौर, दीपिका, ख्वाहिश, हरमनदीप कौर, उदयनूर सिंह, तानिया, निशा रानी

# दिसंबर के महीने में स्नोफॉल का लेना है मजा? तो घूम आएं ये 4 हिल स्टेशन

## TRAVELLING

**दिसंबर के महीने में हिल स्टेशन जाना पसंद करते हैं। इस दौरान लोगों का मोटिव सिर्फ स्नोफॉल को देखने का होता है। ऐसे में जानिए उन जगहों के बारे में जहां स्नोफॉल देख सकते हैं।**





तस्वीर साभार Google

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

दिसंबर साल का आखिरी महीना होता है। इसी महीने में स्कूल और कुछ ऑफिस बंद हो जाते हैं तभी इस महीने को हैपी मंथ कहा जाता है। इस महीने में क्रिसमस और नए साल का सेलिब्रेशन किया जाता है। इस महीने में आने वाली छुट्टियों पर ज्यादातर लोग घूमने की प्लानिंग करते हैं। कुछ लोग गर्म जगहों पर जाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग हिल स्टेशन जाकर स्नोफॉल देखना चाहते हैं। ऐसे में हम यहां बता रहे हैं कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में जहां पर आप स्नोफॉल का मजा उठा सकते हैं।

### स्नोफॉल देखने के लिए बेस्ट जगह

**औली:** दिसंबर में औली बर्फ से ढका हुआ होता है। ऐसे में ये बेहद खूबसूरत दिखता है। आप इस हिल स्टेशन पर छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। यहां का न्यूनतम तापमान -8°c से नीचे जा सकता है। ये जगह एडवेंचर लवर्स के लिए कैंपिंग, स्कीइंग, ट्रैकिंग और रोपवे सवारी का आनंद लेने के लिए बेहतरीन है।

**कश्मीर :** दिसंबर के महीने में कश्मीर के हिल स्टेशन बर्फ से ढके होते हैं। इस महीने के दौरान यहां का तापमान 0°c से नीचे चला जाता है। स्कीइंग के शौकीनों के लिए ये एक फेमस डेस्टिनेशन है। एडवेंचर लवर्स गुलमर्ग में रहकर इसकी प्राचीन सुंदरता का आनंद ले सकते हैं और बर्फ के मौसम के दौरान आयोजित स्थानीय उत्सवों में शामिल हो सकते हैं।

**मनाली :** हिमाचल प्रदेश में मनाली एक खूबसूरत जगह है जिसे आपको दिसंबर में जरूर देखना चाहिए। मनाली से 15 किमी से कम दूरी पर स्थित सोलांग वैसी एक दिन घूमने के लिए बेस्ट है। पैराग्लाइडिंग और स्कीइंग जैसे मजेदार गेम का आनंद यहां ले सकते हैं।

**लद्दाख :** लद्दाख दिसंबर के दौरान देखने लायक होता है। इस दौरान कुछ जगहों पर, तापमान -40 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। दिसंबर में आप त्सो मोरीरी, नुब्रा वैली, लामायुरू, शाम वैली, चांगथांग, चांग ला पास और खारदुंग ला पास की यात्रा कर सकते हैं।

## FASHION +

# आपको भी मिल सकता है सेलिब्रिटी जैसा लुक, बस अपनाने होंगे ये फैशन टिप्स

हम सभी किसी न किसी को अपना आदर्श मानते हैं या इतना ज्यादा पसंद करने लगते हैं कि उनके प्रभाव में उनकी तरह ही बनने की कोशिश करने लगते हैं। ये आदर्श ज्यादातर सेलिब्रिटी ही...



हम अकसर इंटरनेट पर आपने ऐसे तमाम लोग देखे होंगे, जो किसी जाने-माने सेलेब्रिटी की नकल करके लोकप्रिय हो चुके हैं और आज इसी दम पर लाखों फॉलोअर्स जुटाकर अच्छे-खासे पैसे कमा रहे हैं। पर, क्या वाकई आप उनकी तरह बनना पसंद करेंगी? क्या वाकई किसी की नकल करके हम उनकी तरह बन सकते हैं? या इस तरीके से हम खुद से ही जुदा हो जाते हैं? हम सभी किसी न किसी को अपना आदर्श मानते हैं या इतना ज्यादा पसंद करने लगते हैं कि उनके प्रभाव में उनकी तरह ही बनने की कोशिश करने लगते हैं। ये आदर्श ज्यादातर सेलिब्रिटी ही होते हैं और हम उनके स्टाइल, बोलने के तरीके, कपड़े, परफ्यूम वगैरह सब कुछ कॉपी करने की कोशिश करने लगते हैं।

लेकिन कभी सोचा है कि कहीं इस नकल के चक्कर में हम अपना ही मजाक तो नहीं बना रहे? बेशक आप इस वेंडग सीजन या किसी भी मौके पर अपनी पसंदीदा कलाकार की तरह दिखना चाहती हों या उनके जैसे कपड़े पहनना चाहती हों, लेकिन पूरी तरह से उनकी नकल करने से पहले जरा रुकिए और सोचिए कि क्या आपके सारे जतन वाकई आपको उनके जैसा लुक दे पाएंगे? पहले अपनी पर्सनैलिटी को समझिए और फिर पसंदीदा सेलिब्रिटी के अंदाज को अपनाइए:

**समझें अपना बॉडी टाइप-** हर किसी के शरीर की बनावट अलग होती है। बेशक आपको किसी और का फिगर पसंद आ सकता है, लेकिन अपने फिगर को स्वीकारना और उसे समझते हुए स्टाइ्लग करना बेहद जरूरी होता है। फैशन इंफ्लूएंसर निकिता पटेल कहती हैं कि फैशन का मतलब यह नहीं कि जो ट्रेंड में है, उसे बिना सोचे-समझे पहन लिया। बल्कि जरूरी यह है कि आप अपने फिगर के हिसाब से कपड़े पहनें ताकि उसमें आप स्टालिश लग सकें। सेलिब्रिटीज के बॉडी टाइप को समझते हुए ही उनकी स्टाइ्लग की जाती है और इसके लिए एक पूरी टीम काम कर रही होती है। वहीं, आपको खुद ही अपने आप को समझते हुए फैशन को अपनाना होता है।

**सबका नहीं है एक जैसा सांचा-** प्रियंका चोपड़ा की पोल्का डॉट वाली साड़ी जरूरी नहीं कि आप पर फबे , वहीं आलिया भट्ट का ऑफ व्हाइट ब्राइडल लुक जो उन पर अच्छा लगा था, जरूरी नहीं है कि हर दुल्हन पर अच्छा ही लगे। माना ये ट्रेंड सेटर होते हैं, लेकिन यह ट्रेंड हर किसी पर एक समान नहीं जंचता। आपको शरीर का आकार, कद, अपने स्किन टोन वगैरह के हिसाब से ही कपड़ों के रंग और प्रिंट चुनने होंगे, तभी बात बनेगी।

**मेकअप हो ऐसा-** मेकअप आर्टिस्ट साक्षी शर्मा कहती हैं कि कुछ दिन पहले उन्हें एक ऐसी दुल्हन मिली जिसने अपने हर इवेंट पर करीना का स्टाइल कॉपी करने की कोशिश की। वे जब भी कोई मेकअप लगातीं तो बार-बार वह दुल्हन उन्हें करीना की फोटो दिखाकर टोकने लगती। समस्या तब आती है, जब हम खुद को स्वीकारना नहीं चाहते। तमाम कोशिशों के बाद भी उस दुल्हन को करीना तो नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में उसे समझाकर वैसा मेकअप और लुक दिया गया, जो उसके चेहरे के आकार, स्किन टोन और बॉडी टाइप पर फिट बैठा। इसी तरह बेशक आलिया ने अपनी शादी में न्यूड मेकअप रखा, लेकिन एक सामान्य दुल्हन के लिए यह तरीका काम नहीं आ सकता। आलिया को हम पर्दे पर कई रूप में देख चुके हैं, लेकिन दुल्हन के लिए उसका एल्बम हमेशा के लिए यादगार बन जाता है।

**ऑनलाइन दुनिया पर न रहें निर्भर-** आप जो कुछ भी ऑनलाइन देखती हैं, उनमें से ज्यादातर चीजें वैसी नहीं होती हैं, जैसी ऑनलाइन नजर आ रही होती हैं। अगर तसवीर अच्छी है, तब भी एक तसवीर से पूरी ड्रेस को समझना आसान नहीं होता। ऐसे में ड्रेस मंगवाकर आप खुद को ठगा ही महसूस करेंगी। ऑनलाइन सही फिंटग मुश्किल से ही मिल पाती है क्योंकि रेडीमेड कपड़े कुछ तय माप के ही बने होते हैं। साथ ही कपड़े का मेटीरियल भी मायने रखता है, जिसे तसवीर से समझना आसान नहीं है। ऑनलाइन दिए गए विवरण से आप कपड़े को तब तक नहीं समझ सकतीं, जब तक आपको फैब्रिक की सही जानकारी न हो।

**सेलिब्रिटी जैसा लुक पाने के लिए अपनाएं ये तरीके-**

- ✓ सेलिब्रिटी ज्यादातर एक ही रंग के कपड़ों में अलग- अलग प्रिंट पहनते हैं। आप भी अपने लिए प्रिंट को मिक्स करके नया लुक आजमा सकती हैं।
- ✓ आपको सब कुछ ट्रेंडी पहनने की जरूरत नहीं है। अपने पास मौजूद बेसिक कपड़ों को आप ट्रेंडी कपड़ों के साथ पहन सकती हैं।
- ✓ कपड़ों में अलग-अलग लंबाई अपनाएं। जैसे अगर मिनी स्कर्ट पहन रही हैं, तो पूरी बांहों की शर्ट साथ में पहन सकती हैं। पर, लंबाई में संतुलन का पूरा ध्यान रखें।
- ✓ सेलेब्रिटी लुक अपनाने के लिए सफेद और पेस्टल रंगों से दोस्ती करें।

# राजस्थानी स्टाईल : इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बिना धूप दिखाए...

आज जो किचन टिप्स आपको बताने जा रहे हैं, उनकी मदद से आप इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनाकर तैयार कर सकते हैं।






• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

जब कभी तीखे मसालेदार खाने का जिक्र होता है तो सबसे पहले राजस्थानी व्यंजनों का नाम लिया जाता है। अगर आप भी तीखा खाने के शौकीन हैं और खाने की थाली में तीखी हरी मिर्च का अचार साथ रखना बिल्कुल नहीं भूलते तो ये किचन हैक्स आपके काम आ सकते हैं। अक्सर लोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए खाने की थाली में चटपटा अचार साथ रख लेते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए उन्हें महीनों पहले अचार को धूप में रखना पड़ता है। लेकिन आज जो किचन टिप्स आपको बताने जा रहे हैं, उनकी मदद से आप इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनाकर तैयार कर सकते हैं।

### इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनाने के लिए टिप्स-

- 250 ग्राम कटी हुई हरी मिर्च
- 2 बड़े चम्मच सौंफ
- 1 टीस्पून जीरा
- 1 बड़ा चम्मच मेथी
- 2 बड़े चम्मच राई
- 2 बड़े चम्मच साबुत धनिया
- 1 बड़ा चम्मच नमक
- 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- 2 बड़े चम्मच आमचूर पाउडर
- 1/2 कप गर्म किया हुआ सरसों का तेल
- काला नमक स्वादानुसार




### इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनाने की विधि-

इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनाने के लिए सबसे पहले हरी मिर्च को अच्छी तरह पानी से धो लें। उसके बाद हरी मिर्च का पानी अच्छी तरह पोंछने के बाद उसमें बीच से एक चीरा लगाकर उसके दो टुकड़े कर लें।

- मीडियम आंच में एक पैन में मेथी दाना, राई, सौंफ, जीरा, साबुत धनिया डालकर 1-2 मिनट तक ड्राई रोस्ट करके मिक्सी में डालकर दरदरा पीस लें।
- एक प्लेट में कटी हुई हरी मिर्च, पिसा हुआ मसाला, हल्दी पाउडर, काला नमक, सादा नमक और आमचूर पाउडर डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर दें।
- प्लेट में रखी कटी मिर्च पर गर्म किया हुआ सरसों का तेल डालकर एक बार फिर मिर्च को मसालों के साथ अच्छी तरह मिला दें। आपका टेस्टी इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनकर तैयार है। आप इसे कांच की बोतल में भरकर कुछ दिन तक स्टोर करके भी रख सकते हैं।

# इन कारणों की वजह से पेरेंट्स को इग्नोर करने लगते हैं बच्चे

## PARENTING



बच्चे माता-पिता के साथ बात करने और भावनाएं शेयर करने से अक्सर कतराते रहते हैं। जिसकी वजह से पेरेंट्स उनके मन की बात समझ नहीं पाते हैं और उनसे दूर होने लगते हैं।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

आजकल ज्यादातर पेरेंट्स की अपने बच्चों से यह शिकायत रहती है कि वो परिवार के साथ नहीं बल्कि अकेला रहना ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे बच्चे माता-पिता के साथ बात करने और भावनाएं शेयर करने से अक्सर कतराते रहते हैं। जिसकी वजह से पेरेंट्स उनके मन की बात समझ नहीं पाते हैं और उनसे दूर होने लगते हैं। अगर आपके परिवार में भी बच्चों का आपके साथ ऐसा ही व्यवहार है तो समय रहते सतर्क हो जाएं।

**भेदभाव-** अगर आप भी ऐसे पेरेंट्स में से एक हैं, जो अपने दो बच्चों में से एक को दूसरे जैसा बनने के लिए सलाह अक्सर देते रहते हैं, तो अपनी यह आदत तुरंत बदल दें। आपका बार-बार ऐसा करना आपके बच्चे को यह महसूस करवा सकता है कि आप उससे ज्यादा उसके भाई या बहन को प्यार करते हैं। ऐसे में अपने सभी बच्चों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने की कोशिश करें। आपकी उपेक्षा आगे चलकर आपके बच्चे के मन में आपके लिए कड़वाहट भर सकती है।

**बचपन की नाराजगी-** कई बार कुछ बच्चे अपने माता-पिता की तरफ से होने वाली एक भी आलोचना को नजरअंदाज नहीं कर पाते हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता के लिए अपने बच्चों के व्यवहार पर हर समय नजर बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। हालांकि बचपन की यह नाराजगी कई बार आगे चलकर बच्चों को इमोशनली पेरेंट्स से दूर करने का काम करने लगती है।

**अनचाही सलाह-** कई बार माता-पिता अपने बच्चों को हर चीज के लिए रोकते-टोकते और सलाह देते रहते हैं। ऐसा करना वो अपना हक और कर्तव्य समझने हैं। लेकिन आपका हर समय अनचाही सलाह देना, खासकर तब जब वे अपना निर्णय स्वयं ले सकते हैं, उन्हें उनके फैसले की उपेक्षा करना जैसा लग सकता है। हो सकता है पेरेंट्स होने के नाते आपकी सलाह अच्छी हो, लेकिन कभी-कभी एक कदम पीछे हटना और अपने बच्चों को उनकी गलतियों से सीखने देना बेहतर होता है।

**मैरिड लाइफ में हस्तक्षेप करना-** बच्चे की शादीशुदा जिदंगी पहले की तुलना में थोड़ी अलग हो जाती है। ऐसे में उसके जीवनसाथी पर कोई टिप्पणी करना, भले ही आपको मामूली लगे, लेकिन यह बात उन्हें आलोचनात्मक और अपमानजनक लग सकती है। जो उन्हें आपसे दूर करने का कारण बन सकती है।

# पेट के पास जमा चर्बी से छुटकारा दिला सकता है हलासन

## HEALTH TIPS



कड़ी मेहनत के बावजूद बैली फैट को कम करना आसान काम नहीं होता। अगर आप भी पेट के आसपास जमा चर्बी से निजात पाना चाहते हैं तो हलासन आपकी मदद कर सकता है।

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

बढ़ता मोटापा आज ज्यादातर लोगों के लिए परेशानी की बड़ी वजह बना हुआ है। खानपान की गलत आदतें और सुस्त जीवनशैली मोटापे की मुख्य वजह है। लोग मोटापे से निजात पाने के लिए डाइटिंग से लेकर जिम तक का सहारा लेते हैं। लेकिन कड़ी मेहनत के बावजूद बैली फैट को कम करना आसान काम नहीं होता। अगर आप भी पेट के आसपास जमा चर्बी से निजात पाना चाहते हैं तो हलासन आपकी मदद कर सकता है। आइए जानते हैं हलासन करने से व्यक्ति को मिलते हैं क्या-क्या फायदे और क्या है इसे करने का सही तरीका।



### हलासन करने का सही तरीका-

हलासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटकर गहरी सांस भीतर की ओर लेते हुए अपने पैरों को धीरे-धीरे उठाएं। अपने पैरों को पहले 30 डिग्री और फिर 90 डिग्री तक उठाने के बाद सिर के पीछे की ओर ले जाएं। ऐसा करते हुए अपनी पीठ को भी ऊपर उठाते हुए सांस बाहर की तरफ छोड़ें। इसके बाद अपने पैरों को सिर के पीछे जमीन पर टिका दें। ऐसा करते समय अपनी सांसों को सामान्य बनाए रखें। ऐसा करते समय आप चाहे तो इस आसन को करते समय अपनी कमर के पीछे हाथ भी लगा सकते हैं। साधक इस स्थिति में लगभग 30 सेकेंड तक बने रहने के बाद धीरे-धीरे अपनी प्रांरभिक अवस्था में वापस आ सकता है।

### हलासन करने के फायदे-

- ✓ हल की मुद्रा वजन घटाने में मदद करती है, खासकर पेट की चर्बी को कम करने में ये योग काफी लाभकारी माना जाता है।
- ✓ हलासन करने से चेहरे पर निखार आता है। दरअसल, हलासन के अभ्यास के दौरान ब्लड सर्कुलेशन अधिकतम हो जाता है और ऑक्सीजन फ्लो भी बेहतर होता है। जिससे चेहरे की त्वचा और रंग दोनों में सुधार होने लगता है। इस योग के नियमित अभ्यास से पिंपल्स, झुर्रियों जैसी स्किन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर रखने में मदद मिलती है।
- ✓ इस योगासन को करने से खराब पोश्चर को ठीक करने में मदद मिल सकती है।
- ✓ हलासन का अभ्यास करने से आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है और मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ाने में भी मदद मिलती है।
- ✓ इस योगासन के अभ्यास से तनाव, पीरियड्स और गर्दन की चोट के दौरान होने वाले दर्द को दूर कर सकते हैं।
- ✓ हलासन करने से गैस, कब्ज और अपच की दिक्कत दूर हो सकती है।

***नोट :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी तरह के प्रयोग या चिकित्सा से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से किया संवाद

• **जालंधर ब्रीज** . सोनीपत

राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, सोनीपत, हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुईं नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की ओर मोदी सरकार का **अहम कदम : कविता पाटीदार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में देश भर से हजारों 'विकास भारत संकल्प यात्रा' लाभार्थी भाग लिया।




सरकार की प्रमुख योजनाओं में पूर्णता हासिल करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा' पूरे देश में शुरू की जा रही है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे। इसी शृंखला के तहत राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार आज गांव शाहपुर तगा, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में शामिल हुईं।

राज्यसभा सदस्य ने विकसित भारत की शपथ दिलाई व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। उन्होंने विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स भी देखे व महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी निभाई। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों तक सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से मोदी की गारंटी की गाड़ी हर क्षेत्र में दौड़ रही है।

उन्होंने बताया कि यात्रा के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी लाभार्थियों को दिया जा रहा है।

कविता पाटीदार ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और भरोसा जताया कि जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। कविता पाटीदार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मोदी सरकार का एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि देश के विकास और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने के लिए सरकार हर प्रयास कर रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत सरकार आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर पूर्ण ध्यान दे रही है।

संसद में सुरक्षा चूक के मामले पर बोलते हुए कविता पाटीदार कहा कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इस अवसर पर लोगों को एक ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया, वहीं कृषि विकास को दर्शाने वाले ड्रोन भी प्रदर्शित किये गये, जिसका लाभ उठाकर किसान अपने उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं। इसका उद्देश्य जैविक खेती करने वाले किसानों के साथ रचनात्मक संवाद के साथ-साथ प्रगतिशील सोच को बढ़ावा देना है। इसी बीच एक स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया गया। कार्यक्रम में विधायक मोहनलाल और एसडीएम निर्मल नागर सहित अन्य गणमान्य हस्तियां भी शामिल हुईं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ी लोगों की भागीदारी

- *बच्चों से ले कर बुज़ुर्गों तक यात्रा के प्रति उत्साह*
- *अब तक यात्रा में शामिल हुए 336792 लोग*
- *पंजाब भर में चल रही हैं 99 जागरुक वैन*
- *2471 ग्राम पंचायतों को अब तक किया कवर*









• **जालंधर ब्रीज** . जालंधर

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से विकसित भारत के संकल्प को ले कर शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा में पंजाब के लोगों की भागीदारी दिनों दिन बढ़ रही है। इस यात्रा के प्रति बच्चों से ले कर बुज़ुर्गों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इन दिनों पंजाब के सभी जिलों में 99 के करीब जागरूक वैनज़ पहुँच चुकी हैं।

इन जागरूक वैनज़ की तरफ से अब तक ज़िला लुधियाना की 237 ग्राम पंचायतें, पटियाला की 213, फ़िरोज़पुर की 169, तरनतारन की 123 समेत पंजाब भर की 2471 ग्राम पंचायतों को कवर किया जा चुका है। जहाँ- जहाँ यह जागरूक वैनज़ जा रही हैं, वहाँ लोग बड़े जोश से इस यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। इस यात्रा में अब तक ज़िला पटियाला में 37145 लोग, बठिंडा में 26042, फतेहगढ़ साहब में 22767 समेत पंजाब भर में कुल 336792 लोग शामिल हो चुके हैं।

ज़िक्रयोग्य है कि जिस ग्राम पंचायत में यह वैनज़ जातीं हैं, वहाँ सरकार की अलग-अलग योजनाओं का जहाँ प्रचार किया जा रहा है, वहाँ इन योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों को सेवाएं भी दी जा रही हैं। इस मौके सेहत जांच संबंधी विशेष कैंप भी लगाए जा रहे हैं, जिन में लोगों की टी.बी., शुगर, बी.पी. आदि की जांच की जा रही है।

इस यात्रा के दौरान ख़ास कर आयुशमान भारत, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री पोषण अभ्यान, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधी, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पैन्शन योजना, ड्रोन के द्वारा खेतों में सपरे आदि समेत और बहुत सी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सेवाएं भी दी जा रही हैं।

# जाट समाज की खाप पंचायतों द्वारा हरियाणा आगमन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत किया गया

- *अम्बाला में समाज की गणमान्य हस्तियों ने की उपराष्ट्रपति से भेंट*
- *अपने खांटी देसी अंदाज और हरयाणवी बोली में श्री धनखड़ ने कई रोचक किस्से सुनाए*
- *बोले ससुराल का वालों का गोत्र सुनकर कान खड़े हो जाते हैं*



• **जालंधर ब्रीज.** अम्बाला

उपराष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर हरियाणा की एकदिवसीय यात्रा पर डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ प्रदेश पधारे थे। उनका विमान अम्बाला एयरबेस पर उतरा था जहाँ हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज और जाट समाज की खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत सम्मान किया गया।

वहां खाप प्रतिनिधियों के साथ उपराष्ट्रपति धनखड़ की मुलाकात करीब आधा घंटा चली। इस दौरान अपने खांटी देसी अंदाज और हरयाणवी बोली में धनखड़ ने कई रोचक किस्से सुनाए और माहौल काफी खुशनुमा बना रहा।

हरियाणा की चहल खाप के वाइस प्रेसिडेंट झज्जाराम चहल ने अपना परिचय दिया तो धनखड़ साहब ने बड़े विनोदपूर्ण तरीके से कहा कि "एक वाइस प्रेसीडेंट दूसरे वाइस प्रेसीडेंट से मिल रहा है।"

लंबे कद के नरवाल खाप के प्रधान भलेराम नरवाल से धनखड़ जी ने पूछा "थारी हाइट के है?" जवाब में भलेराम जी ने बताया 6 फीट 2 इंच।

तो एक हाथी और चूहे के बच्चे की कहानी सुनाते हुए उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि हाइट तो मेरी भी 6 फ़ीट है पर मेरी धर्मपत्नी के सामने झुकते-झुकते कम हो गयी है। इस पर जोरदार ठहाके लगे और डॉ. सुदेश धनखड़ भी स्वयं को मुस्कुराने से नहीं रोक सकीं।

जींद जिले से आये बलबीर सिंह चहल ने बताया कि उनके गांव का नाम बड़ौदा है, तो उपराष्ट्रपति ने डॉ सुदेश धनखड़ की ओर इशारा करते हुए कहा, "इनका गोत्र है बड़ौदा और ससुराल का वालों का गोत्र सुनकर कान खड़े हो जाते हैं।"

नरवार खाप के दलवीर नरवार ने बताया कि गोहाना से आये हैं तो उपराष्ट्रपति ने गोहाना की जलेबी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने इसका स्वाद खुद गोहाना जाकर लिया है।

उपराष्ट्रपति ने पूर्व में अपनी हिसार यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहाँ एक बुजुर्ग दादी ने उनसे कहा कि "एक बार मोदी से मिलवा दे।"

धनखड़ ने पूंछा, "मोदी जी से मिलकर आपको क्या बात करनी है?"

तो दादी ने जवाब दिया, "मोदी जी को मिलके पूछना चाहती हूं कि जाट के छोरे को मोदी जी ने उपराष्ट्रपति कैसे बनाया।"

इसी तरह उपराष्ट्रपति ने एक और पुराना रोचक किस्सा सुनाया कि - "आजादी के कुछ पहले, एक जाट जयपुर आ गया। वहां एक ढ़ाबा था। जाट बोला कि रोटी खानी है। ढ़ाबे वाला बोला कि 1 आने की 2 रोटी है। जाट ने निराश होकर कहा भाई तब तो नहीं खाई जायेगी।

इस पर ढ़ाबे वाले ने शर्त रखी कि चौधरी अगर 50 रोटी खा ले तो मुफ्त में खिलायेगा।

जाट खाने लगा और ढ़ाबे वाला गिनने को दीवार पर लाइन खींचता जाता। जब लाइन 40 पर पहुंच गई तो ढाबा वाला घबराया और वो मिटाने लग गया।

जाट बोला कि ये धांधली नहीं चलेगी, अब फिर दोबारा से एक से गिनना शुरू कर।"

उपराष्ट्रपति की हाजिर जवाबी और किस्सों का सभी ने भरपूर आनंद लिया और उनके हरियाणा आगमन पर बहुत धन्यवाद व्यक्त किया।

# घर-घर खुशहाली, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी: अनुराग ठाकुर

• **जालंधर ब्रीज** . हिमाचल प्रदेश

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज हरोली विधानसभा के टाहलीवाल में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ जनसंवाद करते हुए उपस्थित जनता के विकसित भारत निर्माण के संकल्प को दोहराया व सलोह में सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक कर संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता परम आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया, हमें उनके इस सपने को 140 करोड़ देशवासियों के सहयोग से मूर्त रूप देने की दिशा में इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाना है और प्रधानमंत्री के विजन के साथ चलना है, भारत के कोने-कोने में 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' से गांवों-कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को विश्वास और संकल्प कराएगी कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा। आज अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के टाहलीवाल, हरोली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत स्थानीय जनता से संवाद कर विकसित भारत संकल्प को दोहराया" आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा "अनुराग ठाकुर ने आगे मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा, "मात्र 9 वर्षों के अपने कार्यकाल में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने चार करोड़ से ज्यादा जरूरतमंदों को पक्के आवास दिए। आज यह सभी गरीब दो कमरों के मकान के साथ लखपति बन गए हैं। मोदी जी ने पूरे देश में 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनवाए हैं। पहले जहां पानी ढोते ढोते माता- बहनों के पूरे दिन निकल जाया करते थे, वहां आज मोदी जी ने 13 करोड़ से ज्यादा नल से जल के कनेक्शन पहुंचा दिए।

अगले दो वर्षों में हम 25 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचा देंगे। इसी प्रकार लगभग 10 करोड़ माता बहनों को रसोई गैस का सिलेंडर दिया गया। आज जरूरतमंदों को रसोई गैस का सिलेंडर मात्र 603 रुपए में दिया जा रहा है। मोदी जी ने देश के अंतिम गांव तक बिजली पहुंचाई, 60 करोड़ जरूरतमंदों को सालाना 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया गया, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को पिछले 5 वर्षों से प्रतिमाह मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। यह अनाज अगले 5 वर्षों तक इसी प्रकार मुफ्त में मिलता रहेगा। इस पर लगभग 12 लाख करोड रुपए का खर्च आएगा। मोदी सरकार पूरे देश में किसी भी गरीब को भूखा नहीं रहने देगी। आज पूरे देश के 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को सालाना 6000 रुपए मिलते हैं।"

# "एक सासंद मेरा मजाक उड़ा रहा था तब राहुल गांधी उसका वीडियो बना रहे थे; किसलिए?" - उपराष्ट्रपति ने चिदंबरम से पूछा

**• यह किसान समाज का, जाट समुदाय का अपमान है - उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ • आज इतना गिरा हुआ स्तर देखकर, सोचिये कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी? - उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ • उपराष्ट्रपति के पद का निरादर हुआ है - धनखड़**

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

संसद में घटनाओं पर व्यथा और पीड़ा व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरी किसान पृष्ठभूमि व जाट पृष्ठभूमि को निशाना बनाकर मेरा अपमान किया जा रहा है।

उन्होंने कांग्रेस नेता और राज्य सभा के सांसद, पी. चिदंबरम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि "सोचिये कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब आपके एक वरिष्ठ नेता (राहुल गांधी) एक सांसद (कल्याण बनर्जी) द्वारा उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाने की वीडियोग्राफी कर रहे थे जिसमें मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था।"

धनखड़ ने कहा कि "यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्य सभा के सभापति के पद का निरादर है। और वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो।"

संसद में आज एक सांसद (कल्याण बनर्जी) द्वारा उपराष्ट्रपति का मखौल बनाने की घटना पर पीड़ा व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा आज हमें सबसे गिरा हुआ स्तर देखने का मौक़ा मिला। उन्होंने सदन में मौजूद कांग्रेस के सांसद, चिदंबरम से पूछा कि "संसद का एक वरिष्ठ सदस्य, दूसरे सदस्य की वीडियोग्राफी करता है...



किस लिए? मैं आपको बताता हूं कि मुझे बहुत कष्ट हुआ है।"

इस तरह की घटनाओं को गंभीर मसला बताते हुए उपराष्ट्रपति ने आगे कहा "इंस्टाग्राम पर, मान चिदम्बरम, आपकी पार्टी ने एक वीडियो डाला था जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने, मेरा अपमान करने, एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने, एक जाट के रूप में मेरे पद का अपमान करने, सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल किया गया।"

***सदन में दिया गया उपराष्ट्रपति कापूरा वक्तव्य निम्न है -***

*राज्य सभा में सभापति जगदीप धनखड़ का वक्तव्य*

*माननीय सदस्यगण,*

*मैंने सदन स्थगित कर दिया है। लोगों के मन में इस संस्था के ख़िलाफ़ किस तरह की प्रतिक्रिया है, इसका अंदाज़ा आपको नहीं है और आज हमें इसका सबसे निचला स्तर देखने का मौक़ा मिला।*

*चिदम्बरम यहाँ हैं। मान चिदम्बरम आप बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं। सोचिये कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब आपके एक वरिष्ठ नेता, एक सांसद द्वारा सभापति का मजाक उड़ाने की वीडियोग्राफी कर रहे थे जिसमें मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था।*

*यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्य सभा के सभापति के पद का निरादर है। और वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो ।*

*संसद का एक वरिष्ठ सदस्य, दूसरे सदस्य की वीडियोग्राफी करता है। किस लिए? मैं आपको बताता हूं कि मुझे बहुत कष्ट हुआ है।*

*इंस्टाग्राम पर, श्रीमान चिदम्बरम, आपकी पार्टी ने एक वीडियो डाला था जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने, मेरा अपमान करने, एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने, एक जाट के रूप में मेरे पद का अपमान करने, सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल किया गया।*

विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ी औरतों की भागीदारी

# पंजाब भर में 274780 औरतों ने यात्रा में लिया भाग

## सूबे भर में अब तक पहुंची 132 जागरूक वैनज़ ने 3545 ग्राम पंचायतों की कवर

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सरकार की जन कल्याण योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने और देश के नागरिकों की विकसित भारत में भागीदारी को उत्साहित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई थी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सूबे भर में अब तक पहुंची 132 जागरूक वैनज़ ने 3545 ग्राम पंचायतों को कवर कर लिया है। ज़िक्रयोग्य है कि इस यात्रा में पंजाब भर में से औरतों की भागीदारी ज्यादा देखने को मिल रही है।



यात्रा के दौरान किये जा रहे समारोहों में अब तक सूबे भर में से 550882 लोगों ने भाग लिया, जिन में 274780 औरतें और 274589 मर्द शामिल हुए हैं। इस यात्रा के दौरान सेहत कैंप भी लगाए जा रहे हैं। इन सेहत जाँच कैंपों के दौरान अब तक 165416 लोगों की सेहत का चैकअप किया जा चुका है। इस दौरान टी. बी. सबंधी 75939 लोगों की जांच की जा चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ़ प्रचार ही नहीं है बल्कि इस का एक मुख्य उद्देश्य देश के विकास में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना भी है। इस उद्देश्य के अंतर्गत पंजाब भर में अब तक 346574 लोगों की तरफ से विकसित भारत के लिए संकल्प लिया जा चुका है। इस यात्रा के दौरान किसानों को खेत पर ड्रोन के द्वारा नैनो फर्टिलाइजर सपरेय करके एक विशेष डैमो भी दिए जा रहे हैं। अब तक 2088 ड्रोन प्रदर्शन किये जा चुके हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभपात्री तक पहुँचे इस उद्देश्य के अंतर्गत पंजाब में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 3496 किसान क्रेडिट कार्ड बाँटे जा चुके हैं और 98677 आयुष्मान भारत कार्ड लाभार्थियों को जारी किये जा चुके हैं। सरकारी योजनाओं के लाभार्थी इस यात्रा के दौरान बेहद खुश नज़र आ रहे हैं और 7398 लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के अंतर्गत योजनाओं के लाभ के बारे में सरकार का धन्यवाद करते हुए अपने दिल के जज़्बात सांझे किये हैं। यात्रा के दौरान पर्यावरण संभाल संबंधी लोगों को सामाजिक संदेश देने के लिए 'धरती कहे पुकार के' की पेशकारी की जा रही है, जिस के अंतर्गत अब तक पंजाब भर में 3298 गतिविधियों की जा चुकी हैं।

ज़िक्रयोग्य है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इस दौरान जन कल्याण की योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ कुछ योजनाओं के मौके पर लाभ भी दिए जा रहे हैं। इस के अंतर्गत जो वैनज़ अलग- अलग जगह पर पहुँच रही हैं, उन में स्क्रीन के द्वारा जहाँ लोगों को वीडियो संदेश दिखा/सुना कर जागरूक किया जा रहा है, वहाँ कैलंडर और कुछ जागरूक सामग्री भी लोगों को बांटी जा रही है।

# फास्टनर उद्योग मानकों पर मानक मंथन का आयोजन

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



भारतीय मानक ब्यूरो हरियाणा शाखा कार्यालय ने 19 दिसम्बर, 2023 को चंडीगढ़ के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय में मानक मंथन सफलतापूर्वक आयोजित किया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य फास्टनर उद्योग में नवीनतम मानकों, विशेष रूप से आईएस 1363 (भाग 1): 2023, आईएस 1363 (भाग 2): 2023, और आईएस 1364 (भाग 1): 2023 षट्कोणीय शीर्ष वाले काबले, पेंच और ढिबरियाँ के जटिल दायरे में उतरना था। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक पेशेवरों के एक विविध समूह ने भाग लिया, जिसमें उद्योग, कच्चे माल निर्माताओं और अन्य के प्रतिनिधि शामिल थे।

राजीव पी, उप महानिदेशक (डीडीजीएन) ने औपचारिक रूप से सत्र का उद्घाटन किया, जहां कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित किया गया। हरियाणा शाखा कार्यालय के निदेशक और प्रमुख सौरभ तिवारी ने उत्पाद बोल्ट, नट और फास्टनरों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के बारे में जानकारी प्रदान की। हेड एचआरबीओ ने भी उपस्थित लोगों को क्यूसीओ के कार्यान्वयन की समय सीमा से पहले बीआईएस प्रमाणीकरण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। निखिल एन चंद्राने, वैज्ञानिक बी, ने कच्चे माल, परीक्षण प्रक्रियाओं और पैकेजिंग विशिष्टताओं जैसे पहलुओं को कवर करते हुए मानकों की आवश्यकताओं का विवरण देते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी। इसके बाद, एक चर्चा शुरू हुई, जिसके दौरान प्रतिभागियों ने आयामों, कच्चे माल के चयन और अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताओं पर टिप्पणियाँ प्रदान कीं।

# कैबिनेट सब-कमेटी द्वारा दिव्यांग वर्ग की जायज़ माँगों के समाधान के लिए विचार-विमर्श



**हरपाल सिंह चीमा, डॉ. बलजीत कौर और कुलदीप सिंह धालीवाल ने दिव्यांग ऐसोसीएशनों के प्रतिनिधियों को हमदर्दी से सुना**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

कैबिनेट सब-कमेटी द्वारा आज पंजाब दिव्यांग एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ पंजाब भवन, चंडीगढ़ में मीटिंग की गई। कैबिनेट सब- कमेटी की मीटिंग वित्त और योजना मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता अधीन हुई। कैबिनेट सब-कमेटी में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर और शासन सुधार और प्रवासी भारतीय मामले मंत्री श्री कुलदीप सिंह धालीवाल शामिल थे, की तरफ से दिव्यांग ऐसोसीएशनों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की गई जिससे उनकी सभी जायज़ माँगों को हमदर्दी से विचार करके उनको हल किया जा सके।

पंजाब दिव्यांग एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों की भलाई और सहूलतें देने के लिए अपनी अलग-अलग मांगे कैबिनेट सब-कमेटी के सामने रखी। जिनमें से बहुत सी माँगों को सरकार ने मंज़ूर कर लिया और पंजाब दिव्यांग एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी उनकी माँगों पर सकारात्मक विचार किया जायेगा।

कैबिनेट सब-कमेटी द्वारा पंजाब दिव्यांग एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि जल्द ही दिव्यांग व्यक्तियों के नौकरियों में पड़े बैकलाग को भरा जायेगा। जिस सम्बन्धी कार्यवाही आरंभ की जा चुकी है। मीटिंग के दौरान कैबिनेट सब-कमेटी ने अधिकारियों को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार एक्ट 2016 को पंजाब में प्रभावशाली तरीके से लागू करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को बनता लाभ, अधिकार और सम्मान देना और एक्ट में दर्शाई हिदायतों की सख़्ती से पालना की जाये। दिव्यांग व्यक्तियों, महिलाओं और दिव्यांग बच्चों के साथ दिव्यांगता के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी अदारे भरे जाने वाले कुल पदों का कम से कम चार प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रखेंगे और इन पदों पर सिर्फ़ दिव्यांग व्यक्तियों को ही नियुक्त किया जायेगा।

दिव्यांग व्यक्तियों पर किसी भी तरह का अत्याचार को रोकने के लिए कैबिनेट सब-कमेटी ने पंजाब पुलिस और उच्च अधिकारियों को सख़्ती से निपटने के आदेश भी दिए।

# केंद्रीय टीम ने जिला जल संभाल योजना की प्रगति का लिया जायजा

**डिप्टी कमिश्नर ने पानी की संभाल संबंधी योजनाओं को जल्द पूरा करने के दिए आदेश**

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



जल शक्ति अभियान की केंद्रीय टीम ने गुरुवार को वर्ष 2023-24 के लिए जिला जल संभाल योजना के अधीन पानी को बचाने और संभालने संबंधी जिले में चल रहे प्रोजेक्टों की प्रगति का जायजा लिया और इन प्रोजेक्टों को 31 मार्च 2024 तक लागू करने के निर्देश दिए। यहां जिला प्रशासकीय कम्प्लेक्स में केंद्रीय नोडल अधिकारी, ज्वाइंट सचिव, रक्षा मंत्रालय, दिनेश कुमार ने डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) जसप्रीत सिंह, केंद्रीय भूजल बोर्ड के वैज्ञानिक के.पी. सिंह और विभिन्न विभागों की बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ जल संभाल प्रोजेक्टों की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि उन्हें समय पर पूरा किया जा सके। केंद्रीय नोडल अधिकारी ने जल शक्ति केंद्रों, वर्षा जल संचयन प्रणाली, तालाबों, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, एस.टी.पी., बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्यों, सामान्य जल टैंक, जागरूकता गतिविधियों, तरल अवशेष प्रबंधन और पौधे लगाने के अभियान सहित प्रमुख प्रोजेक्टों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रोजेक्ट को लागू करने में कोई समस्या आती है तो उसे तुरंत प्रशासन या विभाग के अधिकारियों के ध्यान में लाया जाए ताकि उसे जल्द से जल्द दूर किया जा सके और परियोजना को समय पर लागू किया जा सके। उन्होंने जिले के सभी 'वाटर बाडीज' की जियो टैगिंग पर जोर देते हुए कहा कि जल स्तर को बचाने और इसमें सुधार के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने केंद्रीय टीम को बताया कि प्रशासन ने जिले में जल संभालने और बचाने को लेकर चल रहे प्रोजेक्टों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन प्रोजेक्टों को समय पर पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा और इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए है। इसके इलावा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से गंदे पानी को साफ कर सिंचाई में इस्तेमाल करने के प्रोजेक्टों पर भी काम किया जा रहा है। इसके अलावा, लोगों को पानी, विशेषकर भूमिगत जल के उचित उपयोग के बारे में जागरूक करने के लिए ग्रामीण स्तर पर सैमीनार आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न योजनाओं अधीन छत पर रेन वाटर हारवैस्टिंग 61 परियोजनाएं, तालाबों के नवीनीकरण के 10 प्रोजेक्ट 31 जनवरी तक पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कृषि, भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण, ड्रेनेज विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को बढ़िया तालमेल से चल रही प्रोजेक्टों को समय पर पूरा कर सुनिश्चित करने और नए प्रोजेक्टों के लिए प्रस्ताव जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा।

केंद्रीय टीम ने अपने दौरे के दौरान जल संभाल को लेकर चल रही प्रोजैक्टों का भी निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी धर्मपाल, डिप्टी सी.ई.ओ. जिला परिषद जीनत खेहरा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# विकास एवं लोक भलाई एजेंडे पर वचनबद्धता के साथ काम कर रही है सरकार : बलकार सिंह



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने कहा है कि पंजाब सरकार विकास और जन कल्याण के एजेंडे पर काम कर रही है ताकि लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाया जा सके। आज यहां ब्लॉक समिति जालंधर पश्चिम के नए चुने चेयरमैन अविनाश कुमार को सम्मानित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 600 से अधिक आम आदमी क्लीनिक, स्कूल ऑफ एमिनेंस, लोगों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा योजना और 85 प्रतिशत से अधिक परिवारों के बिजली बिल जीरो आना पंजाब सरकार के जन-समर्थक नीतिगत निर्णयों का नतीजा है।

उन्होंने नए चुने चेयरमैन अविनाश कुमार और ब्लॉक समिति के सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि पंजाब सरकार गांवों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने नए चेयरमैन व अन्य सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव जल्द ब्लॉक समिति द्वारा भेजने को कहा ताकि उन्हें पहल के आधार पर पूरा किया जा सके।

इस मौके पर एस.डी.एम. बलबीर राज, बीडीपीओ सेवा सिंह व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# जल्द शुरू होगा जलाल भुलाना में बना 2 एम एल डी का एसटीपी, डिप्टी कमिश्नर द्वारा प्रोजैक्ट वाले स्थान का दौरा

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला



डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह ने गांव जलाल भुलाना में 6.88 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 2 एम.एल.डी समर्था वाल एस.टी.पी. वाले स्थान का दौरा करके प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह ने अधिकारियों से प्रोजेक्ट के बारे में बात करने के बाद कहा कि पंजाब सरकार की ओर से रेल कोच फैक्ट्री के साथ लगते इलाकों के लिए यह बड़ी सुविधा लगभग तैयार है और जल्द ही यह प्रोजेक्ट शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू होने से क्षेत्र को काफी फायदा होगा।

सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों व प्रोजेक्ट तैयार कर रही कंपनी के प्रतिनिधियों ने डिप्टी कमिश्नर को बताया कि एस.टी.पी. के साथ ही रेल कोच फैक्ट्री के आस-पास के क्षेत्रों के सीवेज और ठोस कचरे का उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संशोधित ठोस अवशेषों से खाद, उपचारित पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा जिससे घाटी के प्रदूषण को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एस.बी. आर तकनीक से लैस यह एस.टी.पी. 6.88 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है, जो आने वाले दिनों में चालू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजैक्ट के सुचारू लागू करने के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि एस.टी.पी. को बिना किसी समस्या के समय पर चालू किया जा सके। इस अवसर पर पंजाब वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड अधिकारी कार्यकारी इंजीनियर प्रीतपाल सिंह, सब डिवीज़न अधिकारी गौरव, जूनियर इंजीनियर गुरपिंदर सिंह और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# आरटीओ जालंधर आदित्य गुप्ता की कार्यशैली से कार्यालय में दिखने लगे सुधार

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



जालंधर ब्रीज के संवाददाता से बात करने के बाद रीजनल ट्रांसपोर्ट अधिकारी आदित्य गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में जालंधर शहर के अंदर और बाहर चलने वाले ओवरलोडिड वाहनों पर भी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने स्ट्राइक खत्म होने के बाद अधिकारियों व कर्मचारियों को आरटीओ कार्यालय में लोगों को आ रही दिक्कतों को पहल के आधार पर हल करने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि आरटीओ में पनपा एजेंट राज खत्म करना उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है, क्योंकि अकसर ऐसी शिकायतें सामने आती हैं कि विभाग में कामकाज जल्द कराने को लेकर एजेंट भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाकर मोटी रकम ऐंठते हैं। इसलिए लोग ऐजेंटों के चंगुल में फसने की बजाए विभाग की अधिकारत वैबसाईट पर जाकर सेवाएं प्राप्त करें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी को कार्यालय में किसी भी तरह की दिक्कत आए तो सीधा उनसे आकर संपर्क कर सकता है।

# 'सीएम दी योगशाला' के अंतर्गत लग रही हैं योग कक्षाएं : कोमल मित्तल



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि स्वस्थ पंजाब के सपने को लेकर मुख्य मंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान की ओर से शुरू किए गए प्रोजैक्ट 'सी.एम दी योगशाला' के अंतर्गत होशियारपुर जिले में 44 योग ट्रेनर 153 स्थानों पर योग कक्षाएं चला रहे है, जहां प्रशिक्षित योग शिक्षक लोगों को नि:शुल्क योग सीखा रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि योग कक्षाएं लेने के लिए 25 नागरिकों का समूह होना चाहिए और इस प्रोग्राम के साथ जुडने के लिए टेलीफोन नंबर 76694-00500 पर मिस्ड काल देकर इसका लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 'सी.एम दी योगशाला' के माध्यम से लोगों को उनके द्वारा चुने गए स्थानों पर जैसे पार्क, सार्वजनिक स्थान पर नि:शुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया के सामने भारतीय महिला खिलाड़ियों का रहा दबदबा




**मुंबई.** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय वीमेंस टीम और ऑस्ट्रेलिया वीमेंस टीम के बीच टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस टेस्ट का पहला दिन टीम इंडिया के नाम रहा। पहले दिन भारतीय गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखाया। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 219 रनों पर सिमट गई। इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया का स्कोर 1 विकेट पर 98 रन है।

टीम इंडिया पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से 121 रन पीछे है। इस वक्त भारत के लिए स्मृति मंधाना और स्नेह राणा क्रीज पर हैं। स्मृति मंधाना 43 रन बनाकर नाबाद लौटीं। वहीं, स्नेह राणा 4 रनों पर नॉटआउट हैं। इससे पहले भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा 40 रनों की अच्छी पारी खेलकर पवेलियन लौटीं। शेफाली वर्मा को जेस जॉनसन ने आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज नियमित अंतराल पर पवेलियन लौटती रहीं. 7 रनों तक 2 बल्लेबाज आउट हो चुकी थीं। इसके बाद भी पवेलियन लौटने का सिलसिला जारी रहा। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 219 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए ताहिला मैक्ग्राथ ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। इसके अलावा बेथ मूनी, एलिसा हीली और जेस जॉनसन जैसे बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सकीं।

# श्री अमृतसर साहिब एवं श्री आनंदपुर साहिब के दर्शनों के लिए बस रवाना



• **जालंधर ब्रीज.** करतारपुर (जालंधर)

पंजाब सरकार द्वारा राज्य के लोगों को विभिन्न पवित्र स्थानों की मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत श्री अमृतसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब के दर्शनों के लिए विधानसभा क्षेत्र करतारपुर से तीर्थयात्रियों की एक बस रवाना की गई।

पंजाब सरकार द्वारा भेजी गई इस बस से श्रद्धालु श्री अमृतसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब के पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए मुफ्त भोजन और रिहाइश का खर्च पंजाब सरकार द्वारा किया जाएगा।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.